आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार                                                    दिनांक 02.01.2026

मुख्य समाचारः—

1— केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में चार सड़कों के चौड़ीकरण और उन्नयन के लिए छह सौ चौंसठ करोड़ सड़सठ लाख रुपए मंजूर किए।

2— मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दंतेवाड़ा में बस्तर पंडुम दो हजार छब्बीस के लोगो तथा थीम गीत का विमोचन किया।

और

3— छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की जमानत याचिका छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने मंजूर की।

................

<u>केन्द्र—सड़क मंजूरी</u>

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में चार सड़क खंडों के मजबूतीकरण, चौड़ीकरण और उन्नयन के लिए छह सौ चौंसठ करोड़ सड़सठ लाख रुपए मंजूर किए हैं। इस राशि से राज्य के पांच जिलों में करीब एक सौ चौहत्तर किलोमीटर सड़कों के विकास और उन्नयन के कार्य किए जाएंगे। इनमें मुंगेली जिले के कोटा—लोरमी—पंडरिया मार्ग के

इक्कीस किलोमीटर हिस्से को फोरलेन किया जाएगा। इस पर एक सौ छप्पन करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। वहीं, कांकेर जिले में कांकेर—भानुप्रतापपुर—संबलपुर मार्ग के अड़तालीस किलोमीटर टू—लेन मजबूतीकरण का कार्य किया जाएगा। इस पर एक सौ तीस करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जाएंगे।

इसी तरह, सुकमा—दंतेवाड़ा मार्ग के अड़सठ किलोमीटर टू—लेन सड़क के चौड़ीकरण के लिए लगभग दो सौ इकतीस करोड़ रूपए मंजूर किए गए हैं। जबकि गरियाबंद जिले में राजिम—फिंगेश्वर—महासमुंद मार्ग में साढ़े पैंतीस किलोमीटर सड़क मजबूती के लिए एक सौ सैंतालीस करोड़ रुपए की राशि मंजूर की गई है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री—बस्तर पंडुम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज दंतेवाड़ा में बस्तर की समृद्धि जनजातीय कला और लोक परंपराओं को समर्पित बस्तर पंडुम दो हजार छब्बीस के लोगो तथा थीम गीत का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर पंडुम, बस्तर अंचल की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि आज मां दंतेश्वरी के प्रांगण से बस्तर पंडुम दो हजार छब्बीस का शुभारंभ हो रहा है। बस्तर पंडुम केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि बस्तर की आत्मा है। यह हमारी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, लोकपरंपराओं, कला और विरासत का जीवंत मंच है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष बस्तर पंडुम की प्रतिस्पर्धाओं में विधाओं की संख्या सात से बढ़ाकर बारह कर दी गई है। इनमें जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य, वाद्ययंत्र, वेशभूषा, आभूषण, पूजा—पद्धति के साथ ही शिल्प, चित्रकला, पारंपरिक व्यंजन—पेय, आंचलिक साहित्य और वन—औषधि को भी शामिल किया गया है। इस बार बस्तर पंडुम प्रतियोगिता का आयोजन दस

जनवरी से छह फरवरी तक तीन चरणों में किया जाएगा। इसके तहत दस से बीस जनवरी तक जनपद स्तरीय, चौबीस से उनतीस जनवरी तक जिला स्तरीय तथा दो से छह फरवरी तक संभाग स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मोहन भागवत–बैठक

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख और सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान कल रायपुर में आयोजित सामाजिक सद्भाव बैठक में शामिल हुए। बैठक में विभिन्न जाति, समाज, पंथ के पांच सौ से अधिक प्रतिनिधि उपस्थित थे ।

बैठक को सम्बोधित करते हुए संघ प्रमुख श्री भागवत ने कहा कि भारत में सर्वत्र लोग अपनी–अपनी आस्था और आचरण के साथ सद्भाव के कारण एक साथ रहते हैं। यह सद्भाव कई वर्षों से चला आ रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सद्भाव से अनेक चुनौतियों का समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि अपनी–अपनी विशिष्टता के साथ आगे बढ़ने की भारत में पूर्ण स्वतंत्रता है। जहां सद्भावना पक्की है, वहां बिगाड़ने वालों की नहीं चलेगी। तोड़ने वाली शक्तियां असफल हों, इसके लिए हमें प्रयास करना है। हम समाज और राष्ट्र के नाते एक हैं, उसके पीछे सामाजिक सद्भाव है। उन्होंने कहा कि समाज में आपस में सहयोग बढ़े, इसका प्रयास प्रत्येक समाज को करना चाहिए।

बुलेट ट्रेन

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन पन्द्रह अगस्त दो हजार सत्ताईस को शुरू होने की संभावना है। श्री वैष्णव ने कहा कि यह बुलेट ट्रेन अहमदाबाद और

मुंबई के बीच चलेगी। उन्होंने कहा कि सबसे पहले इसका सूरत से बिलिमोरा तक और फिर वापी से सूरत तक का खण्ड शुरू होगा।

बुलेट का पहला सेक्शन है, सूरत से बिलिमोरा ओपन होगा, उसके बाद में वापी से सूरत ओपन होगा, उसके बाद वापी से अहमदाबाद ओपन होगा और उसके बाद ठाणे से अहमदाबाद ओपन होगा, फिर मुम्बई से अहमदाबाद होगा। तीन टेक्नोलॉजी जो सबसे इंपोर्टेंट होती हैदृ सस्पेंशन वाली बोगी की टेक्नोलॉजी, कंप्रेशन की टेक्नोलॉजी और व्हीकल कंट्रोल की टेक्ष्नोलॉजी। यह इन तीनों का डिज़ाइन पूरा होना है।

<u>चैतन्य बघेल—जमानत</u>

छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की जमानत याचिका छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने मंजूर कर ली है। चैतन्य बघेल को प्रवर्तन निदेशालय—ईडी ने पिछले वर्ष जुलाई में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद से वह न्यायिक हिरासत में जेल में बंद थे।

इससे पहले, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल ने उच्चतम न्यायालय में जमानत याचिका दायर की थी। उच्चतम न्यायालय ने इस पर सुनवाई से इंकार करते हुए उच्च न्यायालय जाने की सलाह दी थी।

<u>मुख्यमंत्री—महतारी गौरव वर्ष</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नववर्ष के अवसर पर प्रदेशवासियों के नाम जारी अपने ऑडियो संदेश में सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वर्ष दो

हजार छब्बीस को "महतारी गौरव वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है, जो मातृशक्ति के सम्मान, स्वाभिमान और सशक्तिकरण को समर्पित रहेगा।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे नारी सम्मान, नारी सुरक्षा और नारी सशक्तिकरण को अपने आचरण और जीवन का मूल मंत्र बनाएं।

मुख्यमंत्री–साहित्य उत्सव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रालय में रायपुर साहित्य उत्सव की वेबसाइट का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि रायपुर साहित्य उत्सव छत्तीसगढ़ की साहित्यिक और सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह उत्सव लेखक और पाठक के बीच नए संवाद का सशक्त मंच बनेगा तथा युवा पीढ़ी में पढ़ने और लिखने की प्रेरणा जागृत करेगा।

गौरतलब है कि रायपुर साहित्य उत्सव आगामी तेईस से पच्चीस जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। साहित्य उत्सव में देशभर के प्रख्यात साहित्यकारों, लेखकों, कवियों, पत्रकारों, समीक्षकों और पाठकों की सहभागिता होगी। कार्यक्रम में साहित्य, संस्कृति, सृजनात्मक लेखन, प्रकाशन जगत, युवा साहित्य तथा नई पीढ़ी के रचनाकारों से जुड़े विषयों पर विविध सत्र आयोजित किए जाएंगे।

विशेष कार्यक्रम

श्रोताओं, वर्ष दो हजार पच्चीस भारत के वैज्ञानिक और तकनीकी यात्रा में एक ऐतिहासिक मोड़ बनकर उभरा है। इस साल भारत ने नये आत्मविश्वास के साथ उभरती हुई तकनीकों में अपनी

मजबूत पहचान बनाई और वैश्विक स्तर पर सम्मान बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वर्ष दो हजार पच्चीस में तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज कदम बढ़ाए हैं। यह वर्ष भारत को केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि वैश्विक तकनीकी नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करने वाला साबित हुआ है।

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अरूण अरोरा ने कहा है कि वर्ष दो हजार पच्चीस में भारत ने स्पेस तकनीकी में काफी तरक्की की है।

श्रोताओं, इस पूरी बातचीत को आकाशवाणी रायपुर द्वारा आज रात नौ बजकर पंद्रह मिनट से नौ बजकर तीस मिनट तक प्रसारित किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे।

## कांग्रेस–तमनार मामला

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने रायगढ़ जिले के तमनार में महिला आरक्षक से हुई मारपीट और अभद्रता मानवता को शर्मसार करने वाली घटना बताया है। उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही किए जाने मांग की है। श्री बैज ने कहा कि आम जनता में सरकार और पुलिस के प्रति लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस पर सरकार को आत्ममंथन करना चाहिए।

संक्षिप्त समाचार

– केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रोनिक घटक विनिर्माण योजना के तीसरे चरण के अंतर्गत बाईस नए प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है।

– राज्यपाल रमेन डेका ने आज लोकभवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर को चार ई–रिक्शे प्रदान किए।

– भारत की प्रथम महिला शिक्षिका महान समाज सुधारक और नारी सशक्तिकरण की अग्रदूत स्वर्गीय सावित्रीबाई फुले की कल जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें नमन किया है।

– छत्तीसगढ़ का लोकपर्व छेरछेरा कल मनाया जएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते कहा है कि छेरछेरा महादान, सामाजिक समरसता और दानशीलता का प्रतीक पर्व है।

– उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बेंगलुरू स्थित साई के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में परफॉर्मेंस असेसमेंट के लिए चयनित खिलाड़ियों को हॉकी किट प्रदान किया।

और

– रायपुर जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में आज से नौ जनवरी तक चावल उत्सव और उपभोक्ता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।